श्री गणेश अष्टक

शिव पुत्र हेरंभ गणाधीनाथ गणेश गणनाथ नमो नमस्ते,
इति निशा गौरी उठी सयन से देखा सभी को घेरे है निद्रा,
गाती जगाती गौरी सभी को गणेश गणनाथ नमो नमस्ते,
शिव पुत्र हेरंभ गणाधीनाथ गणेश गणनाथ नमो नमस्ते ||

गौरी उमा गणपति को जगाये जागो उठो पुत्र सुनयन खोलो,
शिव गण सभी धुंद निनाद करते गणेश गणनाथ नमो नमस्ते,
शिव पुत्र हेरंभ गणाधीनाथ गणेश गणनाथ नमो नमस्ते ||

देखो गजानंद सूरज निकलता लाली सारा नभ शोभता है,
रंगीन किरणे गाते है पंछी गणेश गणनाथ नमो नमस्ते,
शिव पुत्र हेरंभ गणाधीनाथ गणेश गणनाथ नमो नमस्ते ||

बहती हवाएं तरु झूमते है नर तन से नटराज प्रसन्न होते,
भक्ते है ताली लय में बजाते गणेश गणनाथ नमो नमस्ते,
शिव पुत्र हेरंभ गणाधीनाथ गणेश गणनाथ नमो नमस्ते ||

धोया उमा ने मुख गणपति का सोया हुवा लाल खिला कमल सा,
भवरे बने शिव गण गा रहे है गणेश गणनाथ नमो नमस्ते,
शिव पुत्र हेरंभ गणाधीनाथ गणेश गणनाथ नमो नमस्ते ||

शिव ध्यान करती माला पिरोती वो माँ बुलाती निज लाल को सब,
सखिया सभी सस्वर गीत गाती गणेश गणनाथ नमो नमस्ते,
शिव पुत्र हेरंभ गणाधीनाथ गणेश गणनाथ नमो नमस्ते ||

जागो पुजारी शिव मंदिरो के करते शिवार्चन फूलो फलो से,
तुम भी चलो विघ्न हरो सभी के गणेश गणनाथ नमो नमस्ते,
शिव पुत्र हेरंभ गणाधीनाथ गणेश गणनाथ नमो नमस्ते ||

ओमकार के सचमुच रूप हो तुम साकार श्रिष्टि के स्वरूप हो तुम,
बुद्धि प्रदाता धन धान्य दाता गणेश गणनाथ नमो नमस्ते,
शिव पुत्र हेरंभ गणाधीनाथ गणेश गणनाथ नमो नमस्ते ||
गणेश गणनाथ नमो नमस्ते
गणेश गणनाथ नमो नमस्ते ||

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23592/title/shree-ganesh-ashtak

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |